संविधान दिवस पर विशेष !!

राजस्थान सरकार



हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

RSCERT Udaipur

27 नवम्बर 2021: शनिवार: वर्ष – 02: अंक – 30

रंगा सियार

आज की कहानी

"यह कहानी विष्णुशर्मा द्वारा लिखित पंचतंत्र से ली गई है। एक जंगल में एक सियार में रहता था। वह अधिकांश समय अपनी गुफा में बिताता था। एक बार जब वह गाँव की तरफ निकला तो उसके पीछे कुत्ते लग गए। आगे क्या हुआ? जानने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें और कहानी सुनें। "

3 + वर्ष के बच्चों के लिए | RSLPP



अनोखा संसार

आज की कहानी

"पगड़ियाँ भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की पहचान हैं। यह कहानी भारत में पहनी जाने वाली विभिन्न प्रकार की पगड़ियों में से कुछ का अनौपचारिक विवरण है। यहाँ पगड़ियों का मानवीकरण किया गया है, जिसमें वे अपने बारे में एक-एक करके रोचक तरीके से बताती हैं। क्या बताती हैं ? यह जानने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें और कहानी सुनें। "

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | रूम टू रीड



हम भारत के बच्चे

आज की किताब

भूतपूर्व मुख्य न्यायधीश लीला सेठ ने संविधान की उद्देशिका के शब्दों को छोटे बच्चों को समझने योग्य बनाया है। गणराज्य क्या है? हम पंथ निरपेक्ष क्यों हैं? लोकतन्त्र क्या है? इस बात को मानते हुए कि संविधान के बारे में जानने के लिए कोई आयु छोटी नहीं है, उन्होनें इन विचारों को सभी के लिए बड़े ही सरल और मज़ेदार तरीके से समझाया है। इसे पढ़ने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | प्रथम



बोतल सोलर हीटर

आज की गतिविधि

"दो 1-लीटर प्लास्टिक की बोतलें लें, जिनमें से एक को काले रंग से और दूसरी को सफेद कागज से ढका गया हो। दोनों बोतलों में बराबर मात्रा में नल का पानी भरें। आप ऊष्मा के अलग-अलग प्रभाव महसूस करेंगे। यह प्रयोग दर्शाता है कि काला रंग सफेद की तुलना में बहुत अधिक गर्मी अवशोषित करता है। इस गतिविधि के वीडियो को देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।"

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | अरविंद गुप्ता टॉयज़

भारतीय भाषाएँ व संविधान

टीचर्स कॉर्नर

"संविधान सभा की बहसों में भाषा एक अहम मुद्दा रहा। कई सवालों पर चर्चा चल रही थी। क्या देश की अपनी एक राष्ट्रभाषा होनी चाहिए या केवल एक राजभाषा रखना उचित होगा? हिन्दी, उर्दू और हिन्दुस्तानी में से किसको चुना जाएगा? कौन-सी लिपि होगी? अंकों की लिपि क्या होगी? क्षेत्रीय भाषाओं का क्या योगदान होगा? इस आलेख को पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें। "

शिक्षकों के लिए | संदर्भ पत्रिका

#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

कोमल

बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करती फिल्म।
(6+ वर्ष के बच्चों के लिए | RSCERT)

आज का अंक आपको कैसा लगा ?
अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।